# इंदिरा आईवीएफ लखनऊ में इम्यूनोलॉजी डिपार्टमेंट का उद्घाटन



**लखनऊ।** शहर में स्थित इंदिरा आईवीएफ केन्द्र में नए इम्यूनोलॉजी डिपार्टमेंट का उदघाटन किया गया है, जो दम्पतियों के माता-पिता बनने के मुश्किल सपने को सच करने में और अधिक मददगार साबित होगा । बार-बार गर्भपात, बिना किसी स्पष्ट कारण के निःसंतानता, कई बार आईयूआई का असफल होना और इम्प्लांटेशन और आईवीएफ का भी बार-बार असफल होना आदि समस्याओं का सामना कर रहे दम्पतियों की मदद के लिए इंदिरा आईवीएफ ने पैटर्नल लिम्फोसाइट इम्युनाइजेशन (पीएलआई) थैरेपी की शुरुआत की है। लखनऊ में इन्दिरा आईवीएफ के अलावा मरीजों का उपचार करने के लिए इस पद्धति की सुविधा कहीं और उपलब्ध नहीं है ।हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली बाहरी पदार्थों जैसे कोशिकाएं विषाणु, बैक्टेरिया, फंगी और ऐसे ही अन्य पदार्थ, जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं उन्हें पहचान करके बीमारियों से लड़ती हैं। इनसे शरीर में कोई भी बीमारी पैदा न हो इसलिए यह प्रणाली उन्हें खत्म कर देती है। इसी प्रतिरक्षा प्रणाली का अध्ययन इम्यूनोलॉजी में किया जाता है। कुछ मामलों में महिला के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गर्भावस्था के लिए एक चुनौती बन सकती है क्योंकि यह पिता के स्पर्स को या फर्टिलाइज्ड भ्रूण को भी बाहरी पदार्थ मान लेती है और फिर शरीर उन स्पर्म्स या फर्टिलाइज्ड भ्रूण को स्वीकार नहीं करता है। महिला के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा इस प्रकार से अस्वीकृति करना निःसंतानता और गर्भपात का एक बड़ा कारण हो सकता है।